301
11/9/12

सत्यमेव जयते

खण्ड - 9

संख्या - 4, 5

# नवम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

नवम् सत्र

## ( भाग-1, कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

बुधवार, तिथि : 29 जून, 1988 ई०

वृहस्पतिवार, तिथि : 30 जून, 1988 ई०

गया है जिसका कार्यान्वयन अभी तक नहीं हुआ है, यदि हाँ तो सरकार उक्त आदेश को कब तक कार्यान्वित कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

कोण एवं सरकारी कार्यहित में इसका कार्यान्वयन करने का विचार सरकार नहीं रखती है।

## सड़क का निर्माण

351. **श्री कलीम अहमद,** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि 1. क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत केवटी प्रखंड अधीनस्थ शिवधारा से मुहम्मदपुर दस कि०मी० सड़क में से मात्र पांच कि० मी० सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तथा शेष पांच कि०मी० सड़क निर्माण से संबंधित तकनीकी स्वीकृति गत वर्ष दी जा चुकी है परन्तु प्रशासनिक स्वीकृति अभी तक नहीं की गयी है यदि हां तो क्या सरकार उक्त पथ के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति देकर वर्त्तमान वित्तीय वर्ष में निर्माण कार्य पूरा करने का विचार रखती है यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

**प्रभारी मंत्री,** 1. इस पथ के सुधार कार्य से संबंधित प्राक्कलन सरकार के विचाराधीन है। योजना मद में सीमित राशि रहने के कारण व इस कार्य की वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 1988-89 में कराना संभव नहीं है।